डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
**Office :** Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांक सीओई–5?? /पत्रा.सीओई–42Vol-I/डीएसएमएनआरयू/स्पेबैपेप–2021/2021–22 दिनांक 16 12.2021

## ऑन–लाइन आवेदन हेतु आवश्यक सूचना–द्वितीय

(स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 के लिये ऑन–लाइन परीक्षा–आवेदन के संबंध में)

एतद्द्वारा मुझे यह सूचित किये जाने का निदेश हुआ है कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत कार्यालय ज्ञाप पत्रांक सी.ओ.ई.468 दिनांक 16.10.2021 के क्रम में पत्र संख्या सीओई–472 दिनांक 18.10.2021 के द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा संचालित समस्त पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् रहे ऐसे विद्यार्थी, जिनके द्वारा अधिसत्रान्त/वार्षिकी परीक्षाओं के साथ–साथ उनसे संबंधित सम/विषम सेमेस्टर की बैक–पेपर परीक्षाओं में प्रतिभाग करने के पश्चात् भी मात्र वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2020–21 के अन्तर्गत अधिसत्रान्त/वार्षिकी परीक्षाओं (सत्रांत परीक्षा माह मई–2021 की आयोजित परीक्षा माह जुलाई–अगस्त में प्रतिभाग कर चुके) के किसी विषय/प्रश्न–पत्र में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित अर्थात वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2020–21 के अन्तर्गत आयोजित मिड सेमेस्टर टेस्ट/मौखिकी/प्रायोगिक–आन्तरिक/सेमेस्टर परीक्षाओं में अनुपस्थित, अनुत्तीर्ण, संगत विषय/प्रश्न–पत्र हेतु भविष्य हित के दृष्टिगत एक अंतिम अवसर प्रदान करते हुए संबंधित विद्यार्थियों को स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021(द्वितीय) के अन्तर्गत प्रतिभागिता हेतु प्रकियान्तर्गत **विश्वविद्यालय स्तर पर ऑन लाइन परीक्षा आवेदन दिनांक 20.10.2021 से दिनांक 27.10.2021 तक के लिये आमंत्रित किये गये थे।**

उक्त के क्रम में यह भी उल्लेखनीय है कि विगत शैक्षिक सत्रों में अध्ययनरत् रह चुके विद्यार्थियों में से कतिपय विद्यार्थियों द्वारा पूर्व में आयोजित स्पेशल बैक परीक्षाओं के निर्गत परीक्षा परिणामों पर किये गये असंतोष के परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थियों की समस्याओं के निराकरण हेतु निर्गत पत्र संख्या सीओई–494 दिनांक 28.10.2021 के क्रम में विद्यार्थियों से प्राप्त प्रार्थना–पत्रों के आधार पर निर्गत पत्र संख्या सीओई–523 दिनांक 18.11.2021 के द्वारा कृत कार्यवाही में प्रदत्त संस्तुति एवं दिनांक 09.12.2021 को आहूत परीक्षा समिति की 11वीं बैठक में लिये गये निर्णयों के अधीन विगत शैक्षणिक सत्रों (सत्रान्त परीक्षा माह मई–2021 तक) में आयोजित परीक्षाओं में प्रतिभाग कर चुके संबंधित विद्यार्थियों से ऑन–लाइन आवेदन के समय आवेदन पत्र में अंकित वचनबद्धता (अण्डरटेकिंग) पर सहमति प्राप्त करते हुए स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021(द्वितीय) की परीक्षा में प्रतिभागिता हेतु प्रकियान्तर्गत **विश्वविद्यालय स्तर पर ऑन लाइन परीक्षा आवेदन दिनांक 17.12.2021 से दिनांक 24.12.2021 तक के लिये आमंत्रित किये जाते हैं।**

**बिन्दु संख्या–01** उपर्युक्तानुसार स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021(द्वितीय) के अन्तर्गत परीक्षा की विभिन्न विधाओं में निम्नानुसार निर्धारित शुल्क को विश्वविद्यालय के दिशा–निर्देशानुसार आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | थ्योरी पेपर | रू0 500/–प्रति प्रश्न–पत्र। |
| 2. | प्रायोगिक परीक्षा हेतु | रू0 1000/–प्रति प्रश्न–पत्र। |
| 3. | आंतरिक परीक्षा (मिड सेमेस्टर, एसाइन्मेण्ट/प्रजेन्टेशन, प्रोजेक्ट, मौखिकी आदि) ***आन्तरिक परीक्षा के अन्तर्गत मिड सेमेस्टर एवं एसाइन्मेण्ट/प्रेजेण्टेशन दोनों में प्रतिभाग करना अनिवार्य है।** | रू0 500/–प्रति प्रश्न–पत्र। |

**बिन्दु संख्या–02** तत्क्रम में उपरोक्तानुसार पात्र विद्यार्थियों/परीक्षार्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि निम्नलिखित व्यवस्थानुसार ऑन लाइन परीक्षा आवेदन भरा जाना सुनिश्चित करें:–

**2.1)** विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in पर प्रदर्शित हो रहे लिंक https://govexams.com/dsmnru/login.aspx के माध्यम से अपनी नामांकन संख्या/अनुक्रमांक (Enrollment No./ Roll No.) भरकर लॉगिन करते हुये **दिनांक 17.12.2021 से दिनांक 24.12.2021 तक तक ऑन लाइन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं।** विद्यार्थी उक्त ऑन–लाइन आवेदन की एक स्वहस्ताक्षरित प्रति अपने विभाग/संस्था में जमा करना सुनिश्चित करें तथा एक प्रति अपने पास भी रिकार्ड हेतु सुरक्षित रखें।

2.**2)** उपर्युक्तानुसार स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021(द्वितीय) के लिये पूर्व में दिये गये किसी भी प्रकार के शुल्क को उक्त परीक्षा शुल्क में समायोजित नहीं किया जायेगा, अर्थात निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करना अनिवार्य है। ऑन लाइन आवेदन–पत्र एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क को संबंधित खाता संख्या में जमा किये बिना उक्त परीक्षा में प्रतिभाग नहीं करने दिया जायेगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी/विभाग/संबंधित संस्थान की होगी।

कमशः........02

(2)

स्पेशल बैक पेपर परीक्षा हेतु परीक्षा की विभिन्न विधाओं में बिन्दु संख्या–02 के अनुसार निर्धारित शुल्क को परीक्षा–आवेदन के साथ निम्नानुसार जमा करना अनिवार्य होगा:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विश्वविद्यालय के विद्यार्थी **(बी0टेक को छोड़कर)** | बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra Rehabilitation University, Lucknow के नाम से **संचालित खाता संख्या–36510100000025 (IFSC-BARB0MOHAAN) में RTGS/NEFT के माध्यम से ऑन लाइन जमा करेंगे।** |
| 2 | विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के विद्यार्थी **(बी.टेक. पाठ्यक्रम)** | बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra Rehabilitation University, Lucknow के नाम से संचालित **खाता संख्या–36510100007893 (IFSC-BARB0MOHAAN) में RTGS/NEFT के माध्यम से ऑन लाइन जमा करेंगे।** |
| 3 | विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थान/महाविद्यालय (जिन पर लागू हो) | बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra Rehabilitation University, Lucknow (Affiliation Account) के नाम से **संचालित खाता संख्या–36510100007244 (IFSC-BARB0MOHAAN)में RTGS/NEFT के माध्यम से ऑनलाइन जमा करेंगे।** |

**बिन्दु संख्या–03** ऑनलाइन परीक्षा आवेदन में समस्या हेतु **हेल्प लाइन नं0–8737036906** पर सम्पर्क करें।

**बिन्दु संख्या–04** उपरोक्त के क्रम में आवेदकों से अपेक्षित है कि परीक्षा आवेदन में सही एवं स्पष्ट सूचना/विवरण अंकित करें तथा उसकी हार्ड कॉपी के साथ आवश्यक संगत अभिलेखों को संलग्न करना अनिवार्य है। **परीक्षा आवेदन की हार्ड कॉपी के साथ संलग्न किये जाने वाले संगत अभिलेखों का विवरण–**

- फाइनल सेमेस्टर एवं जिस सेमेस्टर में अनुत्तीर्ण है, उसकी अंकतालिका की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
- पूर्व स्पेशल बैक पेपर परीक्षाओं में प्रतिभाग कर चुके अनुत्तीर्ण परीक्षाफल/अंकतालिका की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
- जमा किये गये निर्धारित शुल्क के संगत अभिलेख की स्वप्रमाणित छायाप्रति।

उपरोक्तानुसार यदि किसी भी स्तर पर परीक्षा आवेदन में दी गई सूचना/विवरण असत्य, भ्रामक, अपूर्ण, अपठनीय/अस्पष्ट पाई जाती है अथवा परिलक्षित होती है तो विश्वविद्यालय को परीक्षा आवेदन निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा तथा उसे उक्त परीक्षा एवं परीक्षा परिणाम से वंचित रखा जायेगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित आवेदक की होगी।

**(डॉ0 अमित कुमार राय)**
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकसीओई–577 /पत्रा.सीओई–42Vol-I/डीएसएमएनआरयू/स्पेबैपेप–2021/2021–22 दिनांक 16 12.2021

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. कुलानुशासक, विश्वविद्यालय।
5. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष को इस अनुरोध के साथ कि संबंधित विद्यार्थियों के प्राप्त परीक्षा आवेदन पत्रों (मय संलग्नक सहित) को अग्रसारित करते हुए सूचीबद्ध विवरण सहित परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में जमा कराने का कष्ट करें।
6. सिस्टम एनॉलिस्ट, विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करने हेतु।
7. उपरोक्तानुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान (जिन पर लागू हो) को अपने स्तर से भी संबंधित अर्ह/पात्र विद्यार्थियों को सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें तथा ऑन लाइन परीक्षा आवेदन–पत्र की हार्ड–कापी (मय संलग्नक, अनिवार्य रूप से जमा किये गये परीक्षा शुल्क सम्बंधी अभिलेख सहित) परीक्षणोंपरान्त अग्रसारित करते हुए उसको सूचीबद्ध विवरण सहित परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।
8. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के समस्त प्रकोष्ठ/अनुभाग को अनुपालनार्थ।

16/12/21

**(डॉ0 अमित कुमार राय)**
परीक्षा नियंत्रक